भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
18.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3748 का उत्तर

मॉडर्न कोच फैक्ट्री, रायबरेली

3748. श्री राहुल गांधी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को रायबरेली स्थित मॉडर्न कोच फैक्ट्री में कार्य को ठेके पर दिए जाने के संबंध में अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त कारखाने में स्वीकृत पदों और वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त कारखाने में वर्तमान में कार्यरत संविदा कामगारों और नैमित्तिक कामगारों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार को न्यूनतम मजदूरी के भुगतान से संबंधित सांविधिक उपबंधों के उल्लंघन के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली भारतीय रेल की अत्याधुनिक उत्पादन इकाई है। वर्तमान में यह भारतीय रेल की आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न प्रकार के सवारी डिब्बों का विनिर्माण कर रही है। 2011-12 में उत्पादन शुरू होने के बाद से कारखाने का वार्षिक उत्पादन स्तर प्रति वर्ष लगभग 2000 सवारी डिब्बों तक पहुँच गया है।

नियमित परिचालन/उत्पादन, प्रौद्योगिकी में परिवर्तन, यांत्रिकीकरण और नवोन्मेष पद्धतियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त जनशक्ति प्रदान की जाती है।

रेलवे के आकार, स्थानिक वितरण और परिचालनिक स्थिति को देखते हुए भारतीय रेल में पदों का रिक्त होना और उन्हें भरा जाना एक सतत् प्रक्रिया है। रिक्तियों को मुख्यतः परिचालनिक एंव प्रौद्योगिकीय आवश्यकताओं के अनुसार रेलों द्वारा भर्ती एजेंसियों को मांग-पत्र भेजकर भरा जाता है।

कोविड-19 के कारण लागू प्रतिबंधों में ढील देने के बाद, दो बड़ी परीक्षाओं, जिनमें 2.37 करोड़ से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया, का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया है।

परीक्षा	विद्यार्थी	शहर	केंद्र	दिन	पाली
एल2-एल6	1.26 करोड़	211	726	68	133
एल1	1.1 करोड़	191	551	33	99

इन परीक्षाओं के आधार पर, रेलों में 1,30,581 अभ्यर्थियों की भर्ती की गई है।

रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाएं काफी तकनीकी प्रकृति की होती हैं जिनमें बड़े पैमाने पर जनशक्ति और संसाधनों को जुटाना तथा जनशक्ति को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता होती है। रेलवे ने इन सभी चुनौतियों को पार किया और सभी निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शी तरीके से भर्ती का सफलतापूर्वक संचालन किया। पूरी प्रक्रिया के दौरान पेपर लीक होने अथवा इसी तरह के कदाचार की कोई घटना सामने नहीं आई है।

भारतीय रेल में 2004-2014 की तुलना में 2014-2024 के दौरान में की गई भर्तियां निम्नानुसार हैं:-

अवधि	भर्तियां
2004-2014	4.11 लाख
2014-2024	5.02 लाख

इसके अलावा, प्रणालीगत सुधार के तौर पर, रेल मंत्रालय ने समूह 'ग' पदों की विभिन्न कोटियों में भर्ती के लिए वर्ष 2024 से वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित करने की एक प्रणाली शुरू की है। वार्षिक कैलेंडर की शुरुआत करने से अभ्यर्थियों को निम्नानुसार लाभ होगा:

- अभ्यर्थियों के लिए अधिक अवसर;
- प्रति वर्ष पात्रता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को अवसर;
- परीक्षाओं की निश्चितता;
- भर्ती प्रक्रिया, प्रशिक्षण और नियुक्तियों में तेज़ी।

तदनुसार, जनवरी से अक्टूबर 2024 के दौरान सहायक लोको पायलट, तकनीशियन, रेल सुरक्षा बल में उप-निरीक्षक और कांस्टेबल, जूनियर इंजीनियर/डिपो सामग्री अधीक्षक/रासायनिक और धातुकर्म सहायक, परामेडिकल श्रेणियों, गैर-तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों (स्नातक) और गैर-तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों (पूर्व स्नातक) के पदों को भरने हेतु 58,642 रिक्तियों के लिए आठ केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं (सीईएन) अधिसूचित की गई हैं। कंप्यूटर आधारित परीक्षा 25.11.2024 से शुरू कर दी गई है।

*****